राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur

हवामहल

कोरोना समय में बच्चों का झरोखा

18 जून 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 08

चूहे को जुकाम है

आज की कविता

बिल्ली और चूहे के बीच आँख मिचौली चलती ही रहती है। बिल्ली किसी न किसी बहाने चूहे को अपने जाल में फंसाना चाहती है और चूहा किसी न किसी तरह बच निकलता है। अब देखना है यह है कि इस बार चूहा क्या तरकीब लेकर आया है? जानने के लिए चित्र पर क्लिक कर कविता सुनें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। कुसुमलता अग्रवाल

गली है या चिड़ियाघर

आज की कहानी

एक छोटी सी गली में जानवरों का मेला सा लग गया है। चूहा, बिल्ली और एक चींटी एक दूसरे की पीछे भागे जा रहे हैं। तभी एक भारी- भरकम शिकारी पक्षी उनपर झपटना चाहता है। सोनू, मोनू और रीना ने कैसे बचाया उन्हें जानने के लिए सुनते हैं ये कहानी ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। रूम टू रीड

जिल्द

आज की किताब

जब नयी किताब हाथ आती है तो उसे उलटना- पलटना , सूंघना और सीने से लगाए रखना कौन नहीं चाहता? पर उसे मैली होने से बचाने के लिए क्या करेंगे हम ? चटकू ने क्या-क्या नहीं किया , जानने के लिए आइये पढ़ते हैं ये कहानी ... चित्र पर क्लिक कर कहानी पढ़ें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। भारत ज्ञान विज्ञान समिति

बिना गांठ का गुब्बारा

आज की गतिविधि

गुब्बारे को फुलाने के बाद उसमें गांठ बांधना या धागे से कस देना तो बड़ा आसान है लेकिन गुब्बारे की गांठ को दुबारा खोलना बहुत ही कठिन है। आज हम एक ऐसी तरकीब के बारे में जानेंगे कि गुब्बारे में गांठ लगे भी और खुली भी रहे। है न मजेदार बात ! इस गतिविधि का विडियो देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। अरविन्दगुप्ता टॉयज

सब मजेदारी है ! कथा नील गढ़

टीचर्स कॉर्नर

शिक्षा की पहल के साथ ही सामाजिक बदलाव की आकांक्षा लिए एक युवक दिल्ली से सीधे मध्यप्रदेश के छोटे से गाँव नीलगढ़ में पहुँच जाता है। फिर कुछ ऐसा होता है कि वह वहीं का होकर रह जाता है। पढ़ते हैं ये सच्ची अनुभव गाथा .... चित्र पर क्लिक कर पढ़े।

शिक्षकों के लिए। पाठशाला

भीलवटा: हमारा विद्यालय

हमारा पुस्तकालय

हमारा मानना हैं कि हम शिक्षक है और समाज और राष्ट्र के बारे में हमें ही सोचना हैं| सफलता एक दिन मे नहीं मिलती मगर ठान ले तो एक दिन जरूर मिलती हैं| आइये इस बार रूबरू होते है डूंगरपुर जिले के शिक्षक दीपक पंड्या के अनुभवों से। ब्लॉग पढने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। शिविरा

#घर में रहें
#आनन्दसेपढ़ें

साथियों, हवामहल का 112 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोड़िए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।